सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ।

वित्त समिति की तृतीय (आकस्मिक) बैठक दिनाँक 29 जुलाई, 2013 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की तृतीय (आकस्मिक) बैठक दिनाँक 29 जुलाई, 2013 को पूर्वान्ह 11.00 बजे कुलपति कार्यालय, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी :–

1.	डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति,	अध्यक्ष
2.	श्री रामचन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल, मेरठ	सदस्य
3.	श्री रणबीर सिंह, लाईव स्टाक ब्रीडर	सदस्य
4.	प्रौ0 जसवन्त सिंह नेगी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी	सदस्य
5.	श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियन्त्रक	सचिव

सर्व प्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए वित्त समिति की आकस्मिक बैठक आयोजित करने की आवश्यकता के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी वित्त समिति के समक्ष रखते हुए कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

प्रस्ताव संख्या 3.1: विश्वविद्यालय के दांतल फार्म को आसामाजिक तत्वों से सुरक्षित करते हुए बाउन्ड्रीवाल का निर्माण

दांतल फार्म (कंकरखेड़ा) को असमाजिक तत्वों से सुरक्षित बनाये रखने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया जाये। दांतल फार्म पर 5586 रनिंग मीटर बाउन्ड्रीवाल तथा कालम सहित 8 गेट के निर्माण हेतु सी0 एण्ड डी0एस0, उत्तर प्रदेश जल निगम, यूनिट–7 मेरठ द्वारा अनुमानित व्यय धनराशि रू0 445.69 लाख का प्रस्ताव किया गया है, जिसपर वित्त समिति द्वारा पूर्व में ही अनुमोदन किया जा चुका है। परन्तु विश्वविद्यालय

06/08/13

31/8/13
Dr. H. S. GAUR
Vice-Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.

की आकस्मिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए बाउन्ड्रीवाल के निर्माण को वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक में प्रावधान होने तक स्थगित रखने से बहुमूल्य दांतल फार्म को असामाजिक तत्वों से सुरक्षित रखना आसान नहीं होगा। विश्वविद्यालय की अपनी आय के श्रोत अत्यन्त सीमित होने के कारण धनराशि रू0 445.69 लाख का व्यय विश्वविद्यालय के श्रोतों से वहन किया जाना सम्भव नहीं है। अभी स्थानीय प्रशासन से मिलकर इन भूखण्डों की पैमाइश तथा निशानदेही कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अपर जिलाधिकारी को निर्देश जारी हो चुके हैं। ऐसे में आवश्यक है कि निशानदेही के साथ ही निशान के तौर पर सीमांकन के लिए कार्रवाई की जाए। उक्त तथ्यों पर व्यापक विचार–विमर्श के दौरान कई विकल्पों पर विस्तार से चर्चा के उपरान्त संस्तुति की गई कि विश्वविद्यालय के सीमित वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत धनराशि रू0 8.0 लाख की सीमा के अन्तर्गत रहते हुए दांतल फार्म के Plots पर आर0सी0सी0 के पोल्स लगाकर फार्म के सभी प्लाटस को असमाजिक तत्वों से सुरक्षित रखने के लिए सीमांकन किया जाए। यह भी संस्तुति की गयी कि मौके पर प्लाटस की स्थिति के आधार पर वृक्षारोपण कराया जाये अथवा विश्वविद्यालय द्वारा अन्य किसी रूप में उपयोग किया जाये।

(कार्रवाई: नोडल अधिकारी, निर्माण / वित्त नियंत्रक)

प्रस्ताव संख्या 3.2: प्रशासनिक भवन के ब्लाक–ए व बी में भूतल पर गुम्बद में विभिन्न महाविद्यालयों से सम्बन्धित शैक्षिक, शोध और प्रसार से सम्बन्धित गतिविधियों को रेखांकित करते हुए प्रतिमाएं, मॉडल आदि स्थापित करते हुए सौन्दर्यीकरण किये जाने का प्रस्ताव

समिति ने निरीक्षण कर विचार किया कि विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में प्रथम तल पर स्थित कुलपति कार्यालय तथा अन्य अधिकारियों का पहुँच मार्ग काफी घूमकर जाता है, जबकि प्रथम तल पर जाने वाली सीढ़ी के द्वारा सीधे

06/08/13

Dr. H. S. GAUR
Vice-Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.
Meerut-250110

कुलपति कार्यालय तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों तक पहुँच होनी चाहिए। प्रशासनिक भवन के ब्लॉक–ए व ब्लॉक–बी में स्थित गुम्बद के सौंदर्यीकरण सहित प्रथम तल पर स्थित कुलपति कार्यालय एवं वित्त नियंत्रक कार्यालय कक्षों/सभाकक्षों तक सीधी पहुँच बनाने के लिए भूतल से प्रथम तल तक आने–जाने के लिए लगभग 5 फिट चौड़ाई की दो सीढ़ियाँ निर्मित कराने के साथ–साथ भूतल पर गुम्बद के केन्द्र में श्रद्धेय श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के साथ–साथ विभिन्न महाविद्यालयों से सम्बन्धित शैक्षिक, शोध और प्रसार से सम्बन्धित गतिविधियों को रेखांकित करते हुए प्रतिमाएं, मॉडल आदि स्थापित करते हुए सौन्दर्यीकरण किये जाना चाहिए।

उक्त प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा के उपरान्त धनराशि रू0 10 लाख का व्यय विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से वहन करने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्रवाईः नोडल अधिकारी, निर्माण/वित्त नियंत्रक)

06/08/13

(सत्येन्द्र कुमार)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

अनुमोदित

7/8/13

(डा0 हरि शंकर गौड़)
कुलपति/अध्यक्ष

Dr. H. S. GAUR
Vice-Chancellor
S.V.P. Uni. of Agri. & Tech.
Meerut-250110